अध्याय 28

भेंट संबंधी विधियां (भाग 1)

यह अध्याय और इसके बाद के अध्याय इस्राएलियों के प्रतिज्ञा किए देश में जीवन दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, और वार्षिक बलिदानों से संबंधित विधियों पर केंद्रित है। जब परमेश्वर के लोग प्रतिज्ञा किए हुए देश में प्रवेश करेंगे तो उनको परमेश्वर को प्रतिदिन बलिदान चढ़ाने होंगे, दिन में दो बार (28:3-8); हर सप्ताह सब्त के दिन (28:9, 10); हर महीने, प्रथम महीने में (28:11-15); और दो वार्षिक पर्वों के दौरान प्रति वर्ष - फसह (28:16-25) और कटनी के पर्व (28:26-31)।

जिस तरह जंगल में मिलापवाला तम्बू, इस्राएलियों के डेरे के बीच में था उसी तरह प्रतिज्ञा किए देश में बलिदानों के द्वारा परमेश्वर की आराधना भी इस्राएलियों के जीवन के केंद्र में होनी चाहिए थी। इससे बढ़कर, इस्राएलियों को परमेश्वर की आराधना करने वाले लोग होना चाहिए था।

पंचग्रंथ में बलिदान चढ़ाने संबंधी विधियां अन्यत्र पाई जाती है।[1] ये विधियां बहुधा गिनती 28 और 29 में पाई जाने वाली विधियों की पुनरावृति करती हैं लेकिन गिनती की पुस्तक में इसका महत्व भिन्न है। अन्य अनुच्छेदों में जब बलिदानों पर चर्चा की जाती है तो यह व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी पर केंद्रित है, या इस बलिदान को चढ़ाने की प्रक्रिया पर रोशनी डाली गई है या फिर पवित्र दिनों को मनाने की महत्वत्ता पर ज़ोर दिया गया है। गिनती 28 और 29 में पाई जाने वाली विधियां, इस्राएलियों द्वारा चढ़ाए जाने वाले बलिदानों, की गिनती, आवृति, और नियमितता पर ज़ोर डालती हैं (देखें *परिशिष्ट: गिनती 28 और 29 में अपेक्षित बलिदान*, पेज 154)।

यह दोनों एक इकाई का निर्माण करते हैं। इन अध्यायों में पाए जाने वाले विषय वस्तु को इस प्रकार संयोजित किया जा सकता है:

अध्याय 28

28:1, 2	प्रस्तावना
28:3-8	बलिदान
28:9, 10	साप्ताहिक (सब्त) बलिदान

28:11-15 मासिक बलिदान
28:16-31 वार्षिक बलिदान
28: 16-25 फसह और अख़मीरी रोटी का पर्व
28: 26-31 कटनी के पर्व का बलिदान
अध्याय 29
29:1-38 वार्षिक बलिदान (क्रमागत)
29:1-6 नव-वर्ष के पर्व का बलिदान
29:7-11 प्रायश्चित्त के दिन का बलिदान
29:12-38 झोपड़ियों के पर्व का बलिदान[2]
29:39, 40 उपसंहार

प्रस्तावना (28:1, 2)

[1]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [2]"इस्राएलियों को यह आज्ञा सुना, 'मेरा चढ़ावा, अर्थात् मुझे सुखदायक सुगन्ध देनेवाला मेरा हव्यरूपी भोजन, तुम लोग मेरे लिये उनके नियत समयों पर चढ़ाने के लिये स्मरण रखना।'"

आयतें 1, 2. प्रस्तावना का यह वाक्य एक प्रकार की चेतावनी है। **यहोवा** ने **मूसा** के द्वारा इस्राएलियों को निर्देशित किया, **"इस्राएलियों को यह आज्ञा सुना, 'मेरा चढ़ावा, अर्थात् मुझे सुखदायक सुगन्ध देनेवाला मेरा हव्यरूपी भोजन, तुम लोग मेरे लिए उनके नियत समयों पर चढ़ाने के लिए स्मरण रखना।'"** वाक्यांश "मुझे सुखदायक सुगन्ध देनेवाला," में मानवीय भाषा प्रयोग की गई है, यह परमेश्वर के बारे में ऐसा बतलाती है मानो वह कोई मनुष्य है। जो निर्देश यहाँ वर्णित है वह परमेश्वर द्वारा नियुक्त किए गए समय पर इस्राएलियों द्वारा चढ़ाया जाना था। यह निर्देश स्वयं परमेश्वर ने दिया था। अध्याय 28 और 29 उसको प्रसन्न करने के लिए "नियुक्त समय" पर अपेक्षित होमबलि का विश्लेषण करता है।

दैनिक बलिदान (28:3-8)

[3]"और तू उनसे कह: जो जो तुम्हें यहोवा के लिये चढ़ाना होगा वे ये हैं; अर्थात् नित्य होमबलि के लिये एक एक वर्ष के दो निर्दोष भेड़ के नर बच्चे प्रतिदिन चढ़ाया करना। [4]एक बच्चे को भोर को और दूसरे को गोधूलि के समय चढ़ाना; [5]और भेड़ के बच्चे के पीछे एक चौथाई हीन कूटके निकाले हुए तेल से सने हुए एपा के दसवें अंश मैदे का अन्नबलि चढ़ाना। [6]यह नित्य होमबलि है, जो सीनै पर्वत पर यहोवा का सुखदायक सुगन्धवाला हव्य होने के लिये ठहराया गया। [7]और उसका अर्घ प्रति एक भेड़ के बच्चे के संग एक चौथाई हीन हो; मदिरा का यह अर्घ यहोवा के लिये पवित्रस्थान में देना। [8]और दूसरे बच्चे को गोधूलि के समय चढ़ाना; अन्नबलि और अर्घ समेत भोर के होमबलि के समान उसे यहोवा को सुखदायक सुगन्ध देनेवाला

हव्य करके चढ़ाना।"

आयत 3. परमेश्वर ने इस्राएलियों को **दो निर्दोष भेड़ के नर बच्चे प्रतिदिन चढ़ाने** के लिए निर्देशित किया। इस अध्याय में बताई गई दूसरी भेड़ों के समान ये दोनों भेड़ें भी **निर्दोष** होनी चाहिए थी। जिस बलिदान का यहाँ वर्णन किया गया है वह एक नित्य चढ़ाई जाने वाली होमबलि थी (28:6, 10, 15, 23, 24, 31)।

आयत 4. एक बच्चे को भोर को और दूसरे को गोधूलि के समय चढ़ाया जाना चाहिए था। अक्षरशः, "गोधूलि" का अर्थ "संध्या के बीच।"[3] स्पष्टतया, जिस समय की ओर यहाँ संकेत दिया गया है वह सूर्य ढलने और रात होने के बीच का समय है।

आयतें 5, 6. बलिदान, **सने हुए मैदा** और निर्धारित मात्रा में **कूट के निकाले गए तेल** की उचित मात्रा के साथ चढ़ाया जाना चाहिए था। फिर, यह **नित्य होमबलि कहा जाता था**। यदि इसे श्रद्धापूर्वक तरीके से, जैसा परमेश्वर ने **सीनै पहाड़** पर **ठहराया** था (निर्गमन 29:38-42), को ध्यान रखते हुए, चढ़ाया जाए, तो यह नित्य चढ़ाया जाने वाला होमबलि **यहोवा के लिए सुगंधदायक बलिदान ठहरेगा**।

आयत 7. प्रति एक भेड़ के साथ, **एक चौथाई हीन** मिली हुई मदिरा **का अर्घ** भी चढ़ाया जाना चाहिए था। यह आज्ञा अपेक्षित अन्य बलिदानों से अपेक्षित "मदिरा" (שֵׁכָר, *शेकार)* जिसे **अर्घ के समान उण्डेला जाना चाहिए था**, से भिन्न था। यह बलिदान **पवित्रस्थान में चढ़ाया जाना** चाहिए था। इस तथ्य पर विचार करते हुए कि प्रत्येक नर भेड़ के बच्चे के साथ 15:5 के लिए ¼ हीन मिला हुआ मदिरा अर्घ के समान चढ़ाया जाना अपेक्षित था, तो यह "मदिरा" अर्घ के समान चढ़ाई जाने वाली मदिरा से अतिरिक्त होनी चाहिए थी। यह निर्धारित करना अत्यन्त कठिन है कि किस प्रकार का यह अर्घ था। इसका विश्लेषण बीयर या अन्य कोई मदिरा किया गया है। क्या व्यवस्था की अन्य वस्तुओं की अपेक्षा के साथ पवित्र स्थान में मदिरा का प्रयोग वर्जित था? रॉय गेन ने सोचा कि पवित्र स्थान की मेज पर रखे सोने के बर्तनों में मदिरा डाली जाती थी और उसको प्रतिदिन दो बार बदला जाता था।[4] इसके विपरीत, तीमोथी आर. एस्ले ने पवित्र स्थान को मिलापवाले तम्बू के चारों ओर के आँगन का सामान्य निर्धारण समझा (देखें लैव्य. 6:16, 26)।[5]

हर एक जानवर को मैदा, तेल, और मदिरा के साथ चढ़ाया जाना चाहिए था। अध्याय 28 और 29 में बताए गए हर एक होमबलि के साथ चढ़ाई जाने वाली अन्न बलि और अर्घ का संबंध उन बलिदानों से है जिसका विवरण अध्याय 15 में किया गया है।

आयत 8. भोर को जिस प्रणाली का अनुमोदन किया जाता था, उसी प्रणाली को **गोधूलि** के समय **दूसरे नर भेड़** के साथ, **अन्न बलि** और **अर्घ** के साथ दोहराया जाना चाहिए था। फिर, यह कहा गया था कि यह **यहोवा** के लिए सुगन्धदायक **हव्य** ठहरेगा।

विश्राम दिन का बलिदान (28:9, 10)

9"फिर विश्रामदिन को दो निर्दोष भेड़ के एक साल के नर बच्चे, और अन्नबलि के लिये तेल से सना हुआ एपा का दो दसवाँ अंश मैदा अर्घ समेत चढ़ाना। 10नित्य होमबलि और उसके अर्घ के अलावा प्रत्येक विश्रामदिन का यही होमबलि ठहरा है।"

आयत 9. दैनिक बलिदान के साथ-साथ, **विश्रामदिन** को **दो नर भेड़** के बच्चों के साथ, **तेल से सने हुए मैदे** के साथ आवश्यक **अन्नबलि** और अर्घ भी बलिदान करना था। आमतौर पर इस बात का अनुमान लगाया जाता है कि जिन दिनों अतिरिक्त बलिदान चढ़ाने की आवश्यकता होती थी तो वह दैनिक रूप से भोर को चढ़ाए जाने वाले बलिदान के तुरंत बाद चढ़ाया जाता था।

आयत 10. आयत 9 में वर्णित **नित्य होमबलि और उसके अर्घ के अलावा प्रत्येक विश्रामदिन का यही होमबलि** दैनिक रूप से चढ़ाया जाता था। आयत 1 से 8 में वर्णित दैनिक बलिदान के समान इसको भी **अर्घ** के साथ चढ़ाया जाना चाहिए था।

प्रतिमाह का बलिदान (28:11-15)

11"फिर अपने महीनों के आरम्भ में प्रतिमाह यहोवा के लिये होमबलि चढ़ाना; अर्थात् दो बछड़े, एक मेढ़ा, और एक एक वर्ष के निर्दोष भेड़ के सात नर बच्चे; 12और बछड़े पीछे तेल से सना हुआ एपा का तीन दसवाँ अंश मैदा, और उस एक मेढ़े के साथ तेल से सना हुआ एपा का दो दसवाँ अंश मैदा; 13और प्रत्येक भेड़ के बच्चे के पीछे तेल से सना हुआ एपा का दसवाँ अंश मैदा, उन सभों को अन्नबलि करके चढ़ाना; वह सुखदायक सुगन्ध देने के लिये होमबलि और यहोवा के लिये हव्य ठहरेगा। 14और उनके साथ ये अर्घ हों; अर्थात् बछड़े पीछे आध हीन, मेढ़े के साथ तिहाई हीन, और भेड़ के बच्चे पीछे चौथाई हीन दाखमधु दिया जाए; वर्ष के सब महीनों में से प्रत्येक महीने का यही होमबलि ठहरे। 15और एक बकरा पापबलि करके यहोवा के लिये चढ़ाया जाए; यह नित्य होमबलि और उसके अर्घ के अलावा चढ़ाया जाए।"

आयत 11. इब्रानी कैलंडर की **महीनों के आरम्भ में प्रतिमाह**, अतिरिक्त होमबलि अपेक्षित थी। चन्द्र कैलंडर के अनुसार, जब चन्द्रमा का पहला भाग दिखाई देता था तो महीने का आरंभ होता था। इस कारण, पुराने नियम में अवकाश को अन्यत्र "नए चांद" के पर्व से संबोधित किया गया है। अखमीरी रोटी का पर्व और विश्रामदिन के पर्वों के समान, इन पर्वों के दौरान अतिरिक्त बलिदान चढ़ाने की आवश्यकता थी। नए चांद का पर्व पारिवारिक आराधना का समय होता था (1 शमूएल 20:5, 6; 2 राजा. 4:23)। सब्त के समान ही इन पर्वों के दौरान खरीदारी वर्जित थी (आमोस 8:5)।[6] गिनती 10:10 के अनुसार महीने के प्रथम

दिन में तुरही बजाया जाना अपेक्षित था। महीने के प्रथम बलिदान में **दो** बैल, **एक मेढ़ा, और एक एक वर्ष के निर्दोष भेड़ के सात नर बच्चे** सम्मिलित थे।

आयतें 12, 13. बलिदान चढ़ाए जाने वाले जानवरों के साथ, निर्देश के अनुसार अन्नबलि भी इसमें सम्मिलित था। हर एक **बैल, मेढ़ा** और हर एक **भेड़** के साथ निर्धारित मात्रा में **तेल से सना हुआ मैदा** भी चढ़ाया जाना चाहिए था। यह **सुखदायक सुगन्ध देने के लिए होमबलि और यहोवा के लिए हव्य ठहरता**।

आयतें 14, 15. आज्ञा के अनुसार हर एक जानवर के साथ निर्धारित **अर्घ** भी चढ़ाया जाना चाहिए था। **अर्घ** के साथ, एक बकरा, **पापबलि** या दोषबलि के लिए चढ़ाया जाना चाहिए था। निर्धारित नित्य बलिदानों के अलावा इन बलिदानों को **वर्ष के सब महीनों में से प्रत्येक महीने** में चढ़ाया जाना चाहिए था।

वार्षिक बलिदान (28:16-31)

फसह के पर्व का बलिदान (28:16-25)

16"फिर पहले महीने के चौदहवें दिन को यहोवा का फसह हुआ करे। 17और उसी महीने के पन्द्रहवें दिन को पर्व लगा करे; सात दिन तक अख़मीरी रोटी खाई जाए। 18पहले दिन पवित्र सभा हो; और उस दिन परिश्रम का कोई काम न किया जाए; 19उसमें तुम यहोवा के लिये एक हव्य, अर्थात् होमबलि चढ़ाना; अत: दो बछड़े, एक मेढ़ा, और एक एक वर्ष के सात भेड़ के नर बच्चे हों; ये सब निर्दोष हों; 20और उनका अन्नबलि तेल से सने हुए मैदे का हो; बछड़े पीछे एपा का तीन दसवाँ अंश और मेढ़े के साथ एपा का दो दसवाँ अंश मैदा हो। 21और सातों भेड़ के बच्चों में से प्रति बच्चे पीछे एपा का दसवाँ अंश चढ़ाना। 22और एक बकरा भी पापबलि करके चढ़ाना, जिससे तुम्हारे लिये प्रायश्चित्त हो। 23भोर का होमबलि जो नित्य होमबलि ठहरा है, उसके अलावा इनको चढ़ाना। 24इस रीति से तुम उन सातों दिनों में भी हव्य का भोजन चढ़ाना, जो यहोवा को सुखदायक सुगन्ध देने के लिये हो; यह नित्य होमबलि और उसके अर्घ के अलावा चढ़ाया जाए। 25और सातवें दिन भी तुम्हारी पवित्र सभा हो; और उस दिन परिश्रम का कोई काम न करना।"

आयत 16. दैनिक, साप्ताहिक, और मासिक बलिदानों का विश्लेषण करने के पश्चात, परमेश्वर ने वार्षिक पर्वों में चढ़ाए जाने वाले बलिदानों के बारे में निर्देश दिया।[7] पहला वार्षिक पर्व **फसह** है, जो इस्राएलियों का मिस्र की दासता से छुड़ाए जाने के स्मरणार्थ **पहले महीने के चौदहवें दिन को** मनाया जाता था (देखें निर्गमन 12; 13)। इस्राएलियों के पास धार्मिक और सार्वजनिक कैलंडर था। धार्मिक कैलंडर (देखें निर्गमन 12:2) का पहला महीना अबीब (कालांतर में जो बाबूल नाम नीशान से जाना जाने लगा) था, जो हमारे कैलंडर के अनुसार मार्च/अप्रैल का महीना होता है।

सार्वजनिक कैलंडर का पहला महीना, धार्मिक कैलंडर के अनुसार सातवाँ

महीना, तीशरी (सितम्बर/अक्तूबर) था। यह कि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस्राएलियों के पास एक धार्मिक और एक सार्वजनिक कैलंडर था। वर्तमान में, बहुत से लोगों की दिनचर्या न केवल वर्तमान कैलंडर (जनवरी - दिसंबर) के द्वारा नियंत्रित की जाती है, बल्कि विद्यालय के कैलंडर (संभवतः अगस्त - मई) के द्वारा भी नियंत्रित किया जाता है; इसके साथ ही, कभी-कभी व्यवसाय, सार्वजनिक कैलंडर के बजाए, आर्थिक कैलंडर (संभवतः जुलाई - जून) से नियंत्रित होता है। इस्राएलियों का सार्वजनिक कैलंडर, जो गेज़ेर कैलंडर कहलाता था, बोने और कटनी के मौसम पर आधारित था।[8]

इस अनुच्छेद में फसह की बलिदान के बारे में किसी प्रकार का विशिष्ट विवरण नहीं दिया गया है। पवित्र दिन में चढ़ाए जाने वाले बलिदानों के बारे में परमेश्वर ने यहाँ कुछ भी क्यों नहीं कहा? हो सकता है कि इससे पहले दिए गए निर्देश इसके लिए पर्याप्त थे या फसह के दिन चढ़ाया जाने वाला बलिदान अलग-अलग परिवारों के द्वारा चढ़ाया जाता था और इसलिए इस भाग में जिस प्रकार की भेंटों के बारे में परमेश्वर बातचीत कर रहा था इससे संबंधित नहीं था। जिस प्रकार मूल रूप से इसकी स्थापना की गई थी, हर एक परिवार को फसह अपने-अपने घरों में मनाना था।

आयत 17. फसह के पर्व के पश्चात **अखमीरी रोटी का पर्व** मनाया जाता था और यह **सात दिनों** तक, अबीब महीने के **पन्द्रहवें** दिन से इक्कीसवें दिन तक, जौ की कटनी के आरंभ तक, मनाया जाता था (अबीब; निर्गमन 23:15; 34:18; लैव्य. 23:6)। फसह के समान ही, यह भी इस्राएलियों को उनके दासता से स्वतंत्र होने का संस्मरण कराता है। यह नाम उस घटना को स्मरण दिलाती है जब इस्राएलियों ने इतनी फुर्ती से मिस्र छोड़ा कि वे अपने साथ "अखमीरी" रोटी ही ले गए थे (निर्गमन 12:39)। फसह और अखमीरी रोटी का पर्व की निकटता इतनी नजदीक है कि वे कभी-कभी एक ही पर्व समझे जाते थे।

निर्गमन 23:14-17 में वर्णित "अखमीरी रोटी का पर्व" उन तीन पर्वों में से एक है जिसमें इस्राएल के हर एक पुरुष को "प्रभु यहोवा को अपना मुख दिखाना था" (निर्गमन 23:17)। अन्य दो पर्व "कटनी का पर्व" (या "हफ्तों का पर्व" या "पेंतेकुस्त") और "बटोरन का पर्व" (या "तम्बूओं का" पर्व) है।

आयतें 18-25. इस अनुभाग के अनुसार, अखमीरी रोटी के पर्व से परमेश्वर की निम्न अपेक्षाएं थीः

1. सात दिन तक "अखमीरी रोटी" खाई जाए (28:17)।
2. पहले **पवित्र सभा बुलाना** और पर्व के प्रथम और सातवें दिन **परिश्रम का कोई काम** नहीं किया जाना चाहिए (28:18, 25)।
3. उस में **यहोवा के लिए** अन्न, तेल और अर्घ के साथ **हव्य, अर्थात होमबलि चढ़ाना**; सो **दो बछड़े, एक मेढ़ा, और एक एक वर्ष के सात भेड़ के बच्चे हों; ये सब निर्दोष हों** - इसके साथ ही **एक बकरा** को **पापबलि करके** चढ़ाना था।

"पवित्र सभा" (מִקְרָא, *मिकरा)* का अर्थ "एक (साथ) बुलाहट" है और यह एक सभा को संबोधित करता है। NIV, 28:18 को इस प्रकार अनुवाद करता है, "प्रथम दिन पवित्र सभा बुलाना और रोजमर्रा का कार्य नहीं करना।" "रोजमर्रा का कार्य" उन कार्यों का सुझाव प्रस्तुत करता है जिसमें जीविका के लिए लोग परिश्रम करते थे।

कटनी के पर्व का बलिदान (28:26-31)

26"फिर पहली उपज के दिन में, जब तुम अपने कटनी के पर्व में यहोवा के लिये नया अन्नबलि चढ़ाओगे, तब भी तुम्हारी पवित्र सभा हो; और परिश्रम का कोई काम न करना। 27और एक होमबलि चढ़ाना, जिससे यहोवा के लिये सुखदायक सुगन्ध हो; अर्थात् दो बछड़े, एक मेढ़ा, और एक एक वर्ष के सात भेड़ के नर बच्चे; 28और उनका अन्नबलि तेल से सने हुए मैदे का हो; अर्थात् बछड़े पीछे एपा का तीन दसवाँ अंश, और मेढ़े के संग एपा का दो दसवाँ अंश, 29और सातों भेड़ के बच्चों में से एक एक बच्चे के पीछे एपा का दसवाँ अंश मैदा चढ़ाना। 30और एक बकरा भी चढ़ाना, जिससे तुम्हारे लिये प्रायश्चित्त हो। 31ये सब निर्दोष हों; और नित्य होमबलि और उसके अन्नबलि और अर्घ के अलावा इसको भी चढ़ाना।"

आयत 26. दूसरा वार्षिक पर्व जिसके बारे में इस अध्याय में चर्चा की गई है वह **पहली उपज का दिन**, या **कटनी का पर्व** है। यह फसह के सात हफ्ते (उनचास दिनों) पश्चात मनाया जाता था, जो नए नियम में "पेंतेकुस्त" (πεντηκοστή, *पेंटेकोस्टे*, "पचासवाँ") के नाम से जाना जाता था (प्रेरितों 2:1; 20:16)। यह निर्गमन 23:16 में "पहली उपज के दिन का पर्व" या "कटनी का पर्व" कहा जाता था (देखें लैव्य. 23:15-21; व्यव. 16:9-12)।[9] इस्राएलियों को यह पर्व **पवित्र सभा** बुलाकर और किसी भी प्रकार का **परिश्रम का कार्य** न करके मनाना था।

आयतें 27-31. पर्व के दिन, उनके होमबलि में **दो बछड़े, एक मेढ़ा, और एक एक वर्ष के सात भेड़ के नर बच्चे** होने चाहिए थे। हर एक जानवर **निर्दोष** होना चाहिए था और निर्धारित अन्नबलि और अर्घ के साथ चढ़ाया जाना चाहिए था। लोगों के **प्रायश्चित्त** के लिए **एक बकरे** की भी आवश्यकता थी। फिर, यह **नित्य होमबलि और उसके अन्नबलि और अर्घ के अलावा** होना चाहिए था। इसको **भी चढ़ाना**।

अनुप्रयोग

यहोवा को बलिदान (अध्याय 28; 29)

हर दिन, दिन में दो बार "नित्य होमबलि" चढ़ाना यह गवाही देता है कि इस्राएली लोग यहोवा को समर्पित थे। दैनिक रूप से चढ़ाया जाने वाला बलिदानों का अध्ययन मसीहियों को अपने प्रभु की नित्य अराधना और उसकी सेवा करने के

प्रति चुनौती देता है। "प्रार्थना कम से कम हर सुबह और शाम की जानी चाहिए: बल्कि, बार-बार दोहराया जाने वाला स्तुति और धन्यवाद के द्वारा सम्पूर्ण जीवन परमेश्वर को समर्पित कर देना चाहिए (*cf.* रोम. 12:1; 1 थिस्स. 5:16-18)।"[10]

पुराने नियम के बलिदानों को बहुधा नए नियम में इंगित किया गया है। इब्रानियों की पत्री, पुराने नियम के बलिदानों का वर्णन करती है और इस बात पर ज़ोर देती है कि वे पाप नहीं हटाते थे (इब्रा. 10:1-4)। बल्कि, वे मसीह की मृत्यु, पूर्ण मृत्यु का पूर्वांकन करते हैं (इब्रा. 10:9-12)। "निर्दोष" भेड़ों का बलिदान, " परमेश्वर का मेमना," यीशु मसीह, का भविष्यसूचक मृत्यु था (यूहन्ना 1:29, 36)। जबकि मसीहियों को होमबलि नहीं चढ़ाना है, बल्कि उनको अपना जीवन परमेश्वर को अर्पण करना है (रोम. 12:1; फिलि. 4:18; इब्रा. 13:15)।

जबकि गिनती 28 और 29 यह प्रकट करती है कि बलिदान और उससे संबंधित धार्मिक अनुष्ठान, इस्राएलियों के लिए महत्वपूर्ण था, लेकिन इस अनुच्छेद की व्याख्या इस तरह नहीं की जानी चाहिए कि मूसा की व्यवस्था के अंतर्गत धार्मिक अनुष्ठान ही सब कुछ था। परमेश्वर का वचन, जैसे 1 शमूएल 15:22 यह शिक्षा देता है कि "आज्ञा मानना बलिदान चढ़ाने से उत्तम है" और भविष्यवक्ताओं ने सिखाया कि बिना धर्मी जीवन के बलिदान चढ़ाना व्यर्थ है (यशा. 1:10-17; होशे 6:6; आमोस 5:22-24)। उसी तरह, नई वाचा के अंतर्गत परमेश्वर की आराधना करना महत्वपूर्ण है लेकिन परमेश्वर केवल इसी की ही अपेक्षा नहीं करता है। परमेश्वर चाहता है कि मसीही लोग हर बात में उसकी आज्ञा मानें; वह चाहता है कि हम हर दिन, हर समय, आज्ञाकारिता के साथ जीएं, न कि केवल उसकी आराधना करें।

समाप्ति नोट

[1]उदाहरण के लिए इस प्रकार की विधियां निर्गमन 12; 13; 29; लैव्यव्यवस्था 1-7; 16; 23; और गिनती 15 में पाई जाती है। [2]मनोनयन "झोपड़ियों के पर्व का बलिदान" का प्रयोग KJV में किया गया है (उदाहरण के लिए देखें, लैव्य. 23:34; व्यव. 16:13, 16; 31:10)। [3]गॉर्डन जे. वेनहैम, *गिनती*, द टिंडेल ओल्ड टेस्टामेंट कमेंट्रीज (डाउनर्स ग्रोव, इलनॉयसः इंटर-वर्सिटी प्रेस, 1981), 198. [4]रॉय गेन, लैव्यव्यवस्था, गिनती, द NIV एप्लिकेशन कमेन्ट्री (ग्रान्ड रेपिड्स, मिशिगनः जोनडर्वन, 2004), 750-51. [5]टिमोथी आर. एशली, *द बुक ऑफ़ गिनती,* द न्यू इंटरनेशनल कमेन्ट्री ऑन द ओल्ड टेस्टमेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगनः विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1993), 565. [6]वेनहैम, 200. देखें 1 इतिहास 23:31; 2 इतिहास 2:4; 8:13; 31:3; एज्रा 3:5; नहेम्याह 10:33; यशायाह 1:13, 14; 66:23; यहेजकेल 45:17; 46:1, 3; होशे 2:11. [7]इस्राएलियों के पर्वों के दिनों का संक्षिप्त विश्लेषण कॉय रॉपर, *निर्गमन*, ट्रूथ फॉर टूडे कमेंट्री (सीसीं, आर्कांशसः रिसोर्स पब्लिकेशन्स, 2008), 386-87 में पाया जाता है। [8]अधिक जानकारी के लिए, देखें जी. अर्नेस्ट राइट, *बिब्लिकल आर्खेयोलोजी,* संशोधित एंव विस्तृत (फिलाडेलफियाः वेस्टमिंस्टर प्रेस, 1962), 183-86. [9]रोनॉल्ड एफ. यंगब्लड के वक्तव्यनुसार यह पर्व, तीसरा महीना, सीवान के छटे दिन (मध्य मई से मध्य जून), गेहूँ की कटनी के समय मनाया जाता था। (रोनॉल्ड एफ. यंगब्लड, *निर्गमन*, एवरीमेंस बाइबल कमेंट्री [शिकागोः मूडी बाइबल इंस्टीट्यूट, 1983], 107-8.) [10]वेनहैम, 200.